प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

0000

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के बीच लोगों से इंधन की खपत कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने का किया आग्रह।
- प्रदेश में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन–कल होगी नामांकन पत्रों की जांच।
- प्रदेश में नगर निगम चुनावों के लिए राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान किया तेज।
- पंजाब किंग्स इलेवन और दिल्ली कैपिटलस के बीच धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में आज आईपीएल का होगा अहम मुकाबला
- मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आज से 14 मई तक प्रदेश में बारिश और अधंड़ की जताई संभावना।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के बीच लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने, ईंधन की खपत कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने का आग्रह किया है। हैदराबाद में कल एक समारोह में प्रधानमंत्री ने वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था फिर शुरू करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से विवेकाधीन खर्चों पर पुनर्विचार करने की भी अपील की, क्योंकि देश बढ़ती वैश्विक ऊर्जा लागतों से आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है।उन्होंने नागरिकों से खाद्य तेल की खपत कम करने और किसानों से विदेशों से आयातित रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने का आह्वान किया।

नामांकन

प्रदेश में पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। सात और 8 मई को नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया के दौरान प्रदेश भर में 42 हजार 5 सौ 62 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन भरे। अभी तक कांगड़ा ज़िले में सबसे अधिक 7 हजार 3 सौ 96 नामांकन भरे गए हैं।

नामांकन पत्रों की जांच कल 12 मई को होगी, जबकि 14 और 15 मई को नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। 15 मई को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। पंचायत चुनावों के लिए मतदान 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में करवाया जाएगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर दोपहर तीन बजे तक चलेगा।

## नगर निगम चुनाव

प्रदेश में नगर निगम चुनावों के लिए राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। कांग्रेस जहां सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को लोगों के बीच प्रमुख मुद्दा बना रही है, वहीं विपक्ष भी चुनावी मैदान में पूरी ताकत झोंक रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कल 12 मई से चुनाव प्रचार में सक्रिय रूप से उतरेंगे और पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं और रोड शो करेंगे। कांग्रेस ने नगर निगम चुनाव प्रचार के लिए विशेष रणनीति तैयार की है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल कल हिमाचल दौरे पर आएंगीं। इस दौरान वे धर्मशाला, सोलन, मंडी और पालमपुर नगर निगम क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगी। पार्टी नेताओं के अनुसार रजनी पाटिल विभिन्न चुनावी कार्यक्रमों में भाग लेंगी और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें भी करेंगी।

## योजना

प्रदेश मे प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना कारगर साबित हो रही है। इसी कड़ी में सिरमौर जिला में जरूरतमंद लोगों के लिए काफी मददगार बन रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को पक्का तथा सुरक्षित आवास उपलब्ध करवाना है। योजना के तहत जिला में करोड़ों रुपए की राशि पात्र लोगों को आवंटित की जा चुकी है।

## अमित शाह

गृहमंत्री अमित शाह ने देश में संभावित बाढ़ और लू से निपटने के लिए तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि केंद्र और राज्य स्तर पर बाढ़ के पूर्वानुमान के लिए एक एकीकृत प्रणाली होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में स्थित अधिक जोखिम वाली 30 झीलों के लिए विकसित की जाने वाली पूर्व चेतावनी प्रणाली में कम से कम 60 झीलों को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लू के कारण कृषि को होने वाले नुकसान को कम करने के प्रयास किए जाने चाहिए। गृहमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम के बदलते स्वरूप और उनसे उत्पन्न होने वाली आपदा संबंधी बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की जानी चाहिए।

आईपीएल–धर्मशाला

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आज पंजाब किंग्स इलेवन और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल मैच खेला जाएगा। यह मैच धर्मशाला में शाम साढ़े 7 बजे से खेला जाएगा। हालांकि इस रोमांचक भिड़ंत पर बारिश का साया मंडरा रहा है। मैच से पूर्व कल रविवार को दोनों टीमों ने स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया।

दिवस

आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर तकनीकी विशेषज्ञों और तकनीक –प्रेमी युवाओं को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि सरकार कई परिवर्तनकारी पहलों के माध्यम से नवाचार क्षमता का उपयोग करते हुए भारत के विकास को गति दे रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह दिन सभी को देश की महानता की यात्रा को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बीती रात से अंधड़ सहित बारिश हुई, जबकि ऊंची चोटियों पर हिमपात हुआ है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आज से 14 मई तक निचले व मध्यम क्षेत्रों में बारिश और उंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात की संभावना जताई है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता–

भाषा

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय गर्मी की छुट्टियों में देश के सभी स्कूल में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन करेगा। एक सप्ताह का यह शिविर भारतीय भाषाओं में बुनियादी संवाद कौशल सीखने, शब्दों को जानने, अपना परिचय देने, वास्तविक जीवन की बातचीत और संस्कृति की सराहना पर केंद्रित होगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरुप समावेशी और समान शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है– हिमाचल बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में भी बेटियों का परचम, कांगड़ा की अनमोल ने किया टॉप। पंजाब केसरी के शब्द हैं–83 दशमलव आठ–सात फीसदी विद्यार्थी पास, कुल 107 टॉपर्स में 83 बेटियां शामिल। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–निजी स्कूलों का दबदबा, पहली बार ड्यूल सिस्टम में जून में कंपार्टमेंट संग अंक सुधार का मौका।

दैनिक जागरण की एक खबर है–हमीरपुर के संजय वात्स्यायन को पश्चिमी नौसेना की कमान। दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है–लोक भवन में हिमाचल–पंजाब के राज्यपालों की अहम मुलाकात अंतरराज्यीय सहयोग पर मंथन।

दैनिक भास्कर ने खबर दी है–दिल्ली–शिमला हवाई सेवा फिर बहाल, शिमला–धर्मशाला के बीच आज से उड़ान। हिमाचल दस्तक ने लिखा है–हिमाचल में पक्षी बढ़ा रहे अपना कुनबा, दर्ज हुईं 208 प्रजातिया।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के बीच लोगों से इंधन की खपत कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने का किया आग्रह।
- प्रदेश में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन–कल होगी नामांकन पत्रों की जांच।
- प्रदेश में नगर निगम चुनावों के लिए राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान किया तेज।
- पंजाब किंग्स इलेवन और दिल्ली कैपिटलस के बीच धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में आज आईपीएल का होगा अहम मुकाबला
- मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आज से 14 मई तक प्रदेश में बारिश और अधंड़ की जताई संभावना।